Toppersnotes
Unleash the topper in you

# UPSC

# भूगोल

OPTIONAI

## संघ लोक सेवा आयोग

### पेपर - 2 || भाग - 1

### भारत का भूगोल - 1

SIERRA INNOVATIONS

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | भारत का सामान्य परिचय | 1 |
| 2 | भारत के प्रमुख चट्टान समूह | 23 |
| 3 | भारत के भौतिक प्रदेश | 35 |
| 4 | उत्तर का विशाल मैदान | 79 |
| 5 | पठार | 97 |
| 6 | भारत के तटीय मैदान | 132 |
| 7 | भारत के द्वीप समूह | 141 |
| 8 | भारत की जलवायु | 150 |
| 9 | भारत के जलवायु प्रदेश | 203 |
| 10 | भारत की ऋतुएँ | 224 |
| 11 | अपवाह तंत्र | 241 |

1 अध्याय

# भारत का सामान्य परिचय

## भारत का सामान्य परिचय

### भारत का नामकरण

**आर्यावर्त**
- प्राचीन धार्मिक ग्रन्थो में आर्यों के आधार पर आर्यावर्त।

**जम्मूद्वीप**
- प्राचीन काल में उत्तर भारत का तत्कालिक भाग जम्मूद्वीप कहा है,
- जिसका उल्लेख कई पौराणिक धार्मिक ग्रंन्थो में मिलता है।

**हिन्दुस्तान**

पर्शिया (आधुनिक ईरान) के लोगो ने सर्व प्रथम सिंधु घाटी से प्रवेश किया वे सिंधु का अपभ्रंश रुप हिन्दू का प्रयोग यहाँ के निवा यों के लिए करते हैं। हिन्दुओं के देश को हिन्दुस्तान नाम दिया गया, हिन्दुस्तान शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम 262 ई. के सासानी अभिलेख मे मिलता है।

**भारत**
- सर्वप्रथम उल्लेख प्राचीन वायु पुराण में।
- राजा दुष्यंत की पत्नी शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर।
- सर्वप्रथम प्रमाणिक उल्लेख हाथी गुम्फा अभिलेख में मिलता है।

**इंडिया**
- जेम्स अलेक्जेंडर ने हिन्दुस्तान का 'ह' हटाकर इंदु नाम से संबोधित किया।
- बाद में 'इंदू' को बदलकर इंडिया कर दिया गया।

**भारत अर्थात् इंडिया**
- संवैधानिक नाम अनुच्छेद 1: भारत अर्थात इंडिया राज्यों का संघ होगा।

# भारत

- भौगोलिक क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग Km
- विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.43% है सम्पूर्ण पृथ्वी का 0.77% है सम्पूर्ण एशिया का 12.5% है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व का 7 वां बड़ा देश है।

(1) रूस
(2) कनाडा
(3) चीन
(4) U.S.A
(5) ब्राजील
(6) आस्ट्रेलिया
(7) भारत

- भारत में 28 राज्य व 8 केन्द्रशासित प्रदेश है–


राज्य :- राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा
मध्य प्रदेश
महाराष्ट्र
उत्तर प्रदेश

- रूस का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का लगभग – $5\frac{1}{2}$ गुणा (साढ़े पांच गुणा) है।
- कनाडा, चीन, USA का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का लगभग तीन गुणा है।

Toppersnotes
Unleash the topper in you

# भारत की स्थिति

↳ विश्व के सन्दर्भ में भारत की स्थिति उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध में है।




↳ एशिया के सन्दर्भ में भारत की स्थिति दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।



# भारत का अंक्षाशीय विस्तार :-

# मुख्य भूमि का अक्षांशीय विस्तार :-


8°4' उत्तरी अक्षांश से लेकर 37°6' उत्तरी अक्षांश तक

# सम्पूर्ण अक्षांशीय विस्तार :-

6°4' उत्तरी अक्षांश से लेकर 37°6' उत्तरी अक्षांश तक है।

# भारत का अक्षांशीय अंतराल :-

मुख्य भूमी का - 8°4' – 37°6' = 29°2'
सम्पूर्ण भारत का 6°4 - 37°6' = 31°2'



## कर्क रेखा :- (23½ उत्तरी अक्षांश)

↳ कर्क रेखा भारत को दो बराबर भागों में बाँटती है।
↳ कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से गुजरती है।

पश्चिम — पूर्व की ओर क्रम

गुजरात – राजस्थान – मध्यप्रदेश – छत्तीसगढ़ – झारखण्ड – W.B
त्रिपुरा – मिजोरम

M.P में कर्क रेखा की सर्वाधिक लम्बाई है।

राजस्थान में कर्क रेखा की न्यूनतम लम्बाई है।

↳ कर्क रेखा पर सर्वाधिक निकट अवस्थित राजधानी रांची (झारखण्ड) है।
↳ कर्क रेखा के सर्वाधिक दूर अवस्थित राजधानी जयपुर (राजस्थान) है।
↳ माही व बनास नदी, कर्क रेखा को दो बार काटती है।
↳ कर्क रेखा भारत में जलवायु विभाजक रेखा है इसका उत्तरी भाग शीतोष्ण कटिबंध में व दक्षिणी भाग उष्ण कटिबंध में आता है।


# भारत का देशांतरीय विस्तार :-

- भारत का देशांतरीय विस्तार 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशांतर तक स्थित है।
- भारत का देशांतरीय अन्तर = 29° है जिस कारण भारत के पूर्वी भाग व पश्चिमी भाग में 2 घण्टे का अन्तर है।

# गणना :- देशान्तर के माध्यम से किसी स्थान के समय की गणना की जाती है।

- एक देशान्तर को पार करने में 4 मिनट का समय लगता है
- भारत का देशान्तरीय अन्तर 29°18' है इस आधार पर 29°18'

$29°18' \times 4 = 117$ मिनट (लगभग 2 घण्टे)



↳ भारत की मुख्य देशान्तर रेखा 82½° पूर्वी देशान्तर है इस देशान्तर रेखा से सम्पूर्ण भारत का समय निर्धारित किया जाता है इस कारण इसे IST रेखा भी कहा जाता है।

↳ INDIAN STANDARD TIME

↳ भारत की मानक अंक्षाश रेखा उत्तर प्रदेश के इलाहबाद के नैनी व मिर्जापुर मानक स्थान से निकलती है।

↳ भारत की मानक अंक्षाश रेखा 5 राज्यों से गुजरती है।

N

- उत्तर प्रदेश
- मध्य प्रदेश
- छत्तीसगढ़
- उड़ीसा
- आंध्रप्रदेश

से

S

↳ कर्क रेखा व मानक समय रेखा छत्तीसगढ़ के सरगुजा नामक स्थान पर मिलती है।



Toppersnotes
Unleash the topper in you

# भारत

भारत का सबसे उत्तरी बिन्दु इंदरा कॉल है जो लद्दाख (केन्द्रशासित प्रदेश) मे स्थित है।

भारत का पूर्वी बिन्दु किबिथु / वालागू है जो अरूणाचल प्रदेश राज्य में स्थित है।

भारत का सबसे पश्चिमी बिन्दु गौर माता / गुहर मोती के नाम से जाना जाता है जो गुजरात राज्य में स्थित है



भारत की मुख्य भूमि के दक्षिण बिन्दु को कन्याकुमारी / कुमारी अंतरिप केप कोमोरिन के नाम से जाना जाता है

# यह TN (तमिलनाडु) राज्य में स्थित है।

ग्रेट निकोबार

भारत का दक्षिणतम बिन्दु, इसे इंदरा प्वांइट / पिग्मेलियन प्वांइट / पारसन प्वांइट / लाहिचोग प्वांइट के नाम से जाना जाता है।

toppersnotes
Unleash the topper in you

# भारत की सीमाएँ

↳ भारत की सीमाओं को मुख्य रूप से तीन भागों में बाँटा जा सकता है-

- स्थलीय सीमा — 15200 km
- तटीय सीमा — 6100 km
- द्वीपीय सीमा — 1416 km

द्वीपो सहित तटीय सीमा की लम्बाई - 7516 km

## # स्थलीय सीमा :-

↳ वे सीमाएँ जो स्थलीय भाग से लगती है वे किसी सागर व महासागर से नहीं लगती है।

↳ भारत की स्थलीय सीमा पर 16 राज्य व 2 केन्द्रशासित प्रदेश स्थित है।




## भारत की जलीय सीमा

↳ वे सीमाएँ जो महासागर व सागर से लगती है।

↳ भारत की तटीय सीमा की कुल लम्बाई 6100 km की है। जो गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल तक विस्तृत है।

↳ भारत की तटीय सीमा 9 राज्यों से लगती है इसमें 5 राज्य पश्चिमी तट पर व 4 राज्य पूर्वी तट पर स्थित हैं।

↳ 9 राज्यों के अलावा, 2 केन्द्रशासित प्रदेश भी जलीय सीमा बनाते है।




Toppersnotes Unleash the topper in you

↳ गुजरात (1214 km) सबसे लम्बी तटीय सीमा वाला राज्य है।

↳ गोवा (101 km) सबसे कम तटीय सीमा वाला राज्य।

तटीय लम्बाई के अनुसार राज्यों का अवरोही क्रम

गुजरात – आंध्रप्रदेश – तमिलनाडु – महाराष्ट्र – केरल – उड़ीसा – कर्नाटक – पश्चिम बंगाल – गोवा।

↳ भारत की कुल तटीय सीमा 7516.6 km है।

# भारत व पड़ौसी देश




↳ भारत की सबसे लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश (4096.7 Km) के साथ है।

↳ भारत की सबसे कम अंतर्राष्ट्रीय सीमा अफगानिस्तान (106 Km) से लगती है लेकिन यह सीमा (PoK) से लगती है। प्रत्यक्ष रूप से भारत की सबसे न्यूनतम सीमा भूटान (699 Km) से लगती है।

## भारत बांग्लादेश सीमा :-

↳ भारत बांग्लादेश के साथ सबसे लम्बी सीमा सांझा करता है. इनके बीच 4096.7 Km लम्बी सीमा है।

↳ बांग्लादेश भारत के 5 राज्यों के साथ सीमा साँझा करता है।

(1) पश्चिम बंगाल-( बांग्लादेश के साथ सर्वाधिक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला राज्य पश्चिम बंगाल )

(2) मेघालय

(3) असम- (दो बार न्यूनतम सीमा सांझा करता है )

(4) त्रिपुरा-( त्रिपुरा - बांग्लादेश के मध्य)

(5) मिजोरम - (अन्तर्राष्ट्रीय सीमा जीरो लाइन कहलाती है।




## • भारत व नेपाल सीमा :-

↳ भारत व नेपाल के बीच 1751 km लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है।

↳ नेपाल भारत के 5 राज्यों से सीमा साँझा करता है।

(1) उत्तराखण्ड

(2) उत्तर प्रदेश

(3) बिहार

(4) पश्चिम बंगाल

(5) सिक्किम



## • कालापानी विवाद :-

↳ भारत व नेपाल के बीच

↳ कालापानी जगह उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ में स्थित है ये स्थान भारत नेपाल, चीन के बीच स्थित है।




• लेकिन सुगोली संधि के अनुसार काली नदी का पूर्वी भाग नेपाल का होगा व पश्चिम भाग भारत का होगा इस संधि के आधार पर ये स्थान भारत का है।

## • भारत व भूटान सीमा :-


↳ भारत व भूटान के बीच 699 Km. लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा, भूटान भारत के 4 राज्यों के साथ सीमा साँझा करता है।

(1) सिक्किम
(2) पश्चिम बंगाल
(3) असम
(4) अरूणाचल प्रदेश




Toppersnotes
Unleash the topper in you

• डोकलाम विवाद :-




↳ डोकलाम क्षेत्र, भूटान में स्थित है डोकलाम विवाद चीन द्वारा डोकलाम में सड़क बनाने से हुआ। सड़क निर्माण के कारण भूटान ने विरोध किया, भूटान से भारत की 1949 संधि होने के कारण भारत ने भी भूटान का साथ दिया जिससे डोकलाम विवाद भारत-चीन-भूटान के मध्य बन गया।

• भारत- म्यांमार सीमा :-

↳ भारत और म्यांमार के मध्य आराकानयोमा पर्वत प्राकृतिक सीमा का निर्धारण करता है।

↳ भारत व म्यांमार के बीच 1643 Km लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है म्यांमार, भारत के 4 राज्यों के साथ सीमा साँझा करता है।


(1) अरुणाचल प्रदेश
(2) नागालैण्ड
(3) मणिपुर
(4) मिजोरम





↳ भारत - म्यांमार सीमा का निर्धारण 1926 की मान्दाबो सन्धि के तहत किया गया।

## भारत व पाकिस्तान :-

↳ पाकिस्तान, भारत के साथ तीसरा सर्वाधिक स्थलीय सीमा वाला देश है।
↳ भारत, पाकिस्तान सीमा का निर्धारण 17 अगस्त 1947 को हुआ
↳ इस रेखा का निर्धारण कर्ता - सर सिरिल रेडक्लिफ थे।
↳ इस रेखा की लम्बाई 3323 km.
↳ भारत की इस रेखा को सपनों में बनी रेखा या कमल से बनी रेखा के नाम से भी जाना जाता है।
↳ पाकिस्तान के साथ भारत के 3 राज्य व 2 केन्द्रशासित प्रदेश लगते हैं।



# भारत व अफगानिस्तान :-

↳ अफगानिस्तान, भारत के साथ न्यूनतम स्थलीय सीमा का निर्धारण करता है।

↳ अफगानिस्तान की सीमा PoK से लगती है।

↳ भारत व अफगानिस्तान के बीच इस अन्तर्राष्ट्रीय रेखा को डूरण्ड रेखा के नाम से जाना जाता है इस रेखा का निर्धारण 1893 में सर मार्टिमर डूरण्ड ने किया।


# भारत-चीन सीमा :-

↳ चीन, भारत के साथ दूसरा सर्वाधिक स्थलीय सीमा बनाने वाला देश है।

↳ भारत व चीन के बीच 3488 km लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है भारत व चीन सीमा का निर्धारण 27 अप्रैल 1914 को (शिमला समझौते के तहत) सर हैनरी मैकमहोन द्वारा किया गया।

↳ भारत-चीन सीमा को मैक महोन नाम से जाना जाता है।

↳ चीन भारत के 4 राज्यों व 1 केन्द्रशासित प्रदेश से सीमा बनाता है




अरुणाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - हिमाचल प्रदेश - सिक्किम